संख्या–5261(3)/1–10–2007–12(34)/2003

प्रेषक,

राज किशोर यादव,
विशेष सचिव, राजस्व,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. मण्डलायुक्त,
झॉसी, चित्रकूट, मिर्जापुर – विन्ध्यांचल।
2. जिलाधिकारी,
झॉसी, जालौन, ललितपुर, महोबा, बॉदा, चित्रकूट, हमीरपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र

राजस्व अनुभाग – 10 लखनऊः दिनांक 22 दिसम्बर, 2007

विषय :– **सूखा एवं राहत कार्यो के सम्बन्ध में अद्यावधिक कार्यवाही के सम्बन्ध में वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा समीक्षा।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0 5261(2)/1–10–2007–12(34)/2003 दिनांक 21.12.2007 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत मुख्य सचिव महोदय द्वारा सूखा एवं राहत कार्यो एवं इससे सम्बन्धित विकास कार्यो की समीक्षा हेतु दिनांक 26.12.2007 को अपरान्ह 05:30 बजे वीडियो कान्फ्रेन्सिंग आयोजित किया जाना निर्धारित है।

2. उक्त के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **दिनांक 24.12.2007 को प्रातः 10:00 बजे मंन्त्रिमण्डलीय सचिव महोदय द्वारा सूखाग्रस्त जनपदों की समीक्षा बैठक की जायेगी।** अतएव सन्दर्भगत शासनादेश में उल्लिखित सूचना की अद्यावधिक स्थिति **दिनांक 23.12.2007 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आपदा राहत नियत्रंण कक्ष के फैक्स नं0 0522–2238084 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।**

3. सुलभ सन्दर्भ हेतु वांछित सूचना सम्बन्धी प्रपत्र पुनश्च भेजा जा रहा है।

**(सभी आंकड़े जनपद के ब्लाकवार प्रस्तुत किये जायेंगे)**

## राहत कार्य –

1. जनपद के लिये कुल आवंटित धनराशि।
2. कुल व्यय धनराशि।
3. कृषि निवेश अनुदान के लिये कुल आवंटित धनराशि।
4. कुल प्रभावित/पात्र किसानों की संख्या।
5. कुल लाभान्वित किसानों की संख्या/वितरित धनराशि।
6. निराश्रितों हेतु जनपद स्तर पर खाद्यान्न बैंक की स्थापना –
   अ. कुल चिन्हित लाभार्थी।
   ब. कुल कितने ग्रामों में खाद्यान्न बैंक की व्यवस्था की गई है।
   स. कुल लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या।

7. सामुदायिक रसोई की व्यवस्था –
   अ. कुल चिन्हित लाभार्थी।
   ब. कुल कितने ग्रामों में व्यवस्था की गई है।
   स. कुल लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या।
8. कम्बल वितरण की स्थिति।
9. अलाव की स्थिति।
   अ. शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जलाये जा रहे अलावों की संख्या।
10. रैन बसेरा।
11. पशुओं के लिये चारा, टीकाकरण एवं पौशाला की व्यवस्था।

## विकास कार्य –

1. रोजगार सृजन की स्थिति।
   अ. नरेगा तथा अन्य योजना के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम में किये जा रहे विकास कार्यो की स्थिति।
   ब. आदर्श जलाशय निर्माण की स्थिति।
   स. क्या समस्त ग्रामों में कम से कम एक कार्य चल रहा है।
   द. लाभान्वित व्यक्ति/परिवारों की संख्या।
   य. कार्यो को दर्शाते हुये प्रत्येक कार्य स्थल पर बोर्ड लगाये गये हैं।

2. पेयजल व्यवस्था की स्थिति –
   अ. कुल स्थापित हैण्डपम्प की संख्या।
   ब. चालू हैण्डपम्प की संख्या।
   स. 15 दिन से खराब हैण्डपम्प की संख्या।
   द. मरम्मत कराये गये हैण्डपम्प की संख्या
   य. रिबोर होने योग्य हैण्डपम्पों की संख्या।
   र. रिबोर कराये गये हैण्डपम्पों की संख्या।
   ल. टैंकर से जलापूर्ति की स्थिति, कया टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है, तो कितने टैंकर उक्त कार्य में लगाये जा रहे हैं।

3. सिंचाई व्यवस्था की स्थिति –
   अ. पूर्व निर्मित कूपों की संख्या।
   ब. नव निर्मित कूपों की संख्या।
   स. निर्माणाधीन कूपों की संख्या।
   द. सूखें कूपों की संख्या।
   य. कूपों में जल की उपलब्धता।
   र. पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन/नवनिर्मित तालाबों/जलाशयों की संख्या।
   ल. इनमें जल की उपलब्धता की स्थिति।
   व. नहरों में पानी पहुॅचने की स्थिति।
   श. सरकारी नलकूपों की संख्या।
   स. खराब सरकारी नलकूपों की संख्या।
   ष. निजी नलकूपों की संख्या।
   क्ष. चालू निजी नलकूपों की संख्या।

4. भूमि संरक्षण कार्यो का विवरण।

5. खाद्यान्न वितरण की स्थिति
   - अ. अन्त्योदय कार्डो पर खाद्यान्न की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति।
   - ब. बी0पी0एल0 कार्डो पर खाद्यान्न की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति।
   - स. ए0पी0एल0 कार्डो पर खाद्यान्न की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति।
   - द. डीजल एवं मिटटी तेल की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति।

6. विद्युत व्यवस्था की स्थिति –
   - अ. ऊर्जीकृत नलकूपों की स्थिति।
   - ब. खराब ट्रान्सफार्मर की स्थिति।

7. जनपद द्वारा हेतु किये गये विशिष्ट कार्य।

8. जनपद की सूखा से सम्बन्धित विशिष्ट समस्यायें।

भवदीय,

22/x11/07

**(राज किशोर यादव)**
विशेष सचिव राजस्व